तापमान

अधिकतम 38.8 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, मंगलवार 12 मई 2026


**शहर में आज**

- नगर निगम में सफाई कर्मियों का धरना।
- फायर ब्रिगेड में कर्मचारियों की हड़ताल।
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर।
- पीजीआईएमएस में रक्तदान शिविर।

**खबर संक्षेप**

## युवक अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की सीआईए-1 टीम ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है।



आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्तौल और तीन जिंदा राउंड बरामद किए गए। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि पीएसआई सीमंत के नेतृत्व में टीम आउटर बाईपास से गांव चमारिया की ओर गश्त कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध युवक को काबू किया गया। पूछताछ में उसकी पहचान टिंकू निवासी गांव करोड़ा, जिला कैथल के रूप में हुई। थाना सदर में शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच में जुटी है।

## मामराजपुरा कॉलोनी में मकान से गहने चोरी

**महम।** कस्बा महम की मामराजपुरा कॉलोनी में चोर एक मकान से लाखों रुपए के गहने चोरी कर ले गए। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस को की है। पुलिस को दी शिकायत में सोमबीर पुत्र महाबीर ने बताया कि 10 मई को वह परिवार के साथ खाना खाकर सो गए थे। सुबह 5 बजे उठकर देखा तो कमरे में लगी खिड़की की ग्रिल खुली मिली। शक होने पर अंदर जाकर देखा तो अलमारी खुली पड़ी थी। सामान चेक करने पर पाया कि आधा किलो चांदी के कुंडल, सोने की गलसरी, ताबीज व कुछ नकदी गायब मिली। लगभग 3 लाख रुपये की चोरी हुई मिली। पुलिस ने मौका मुआयना कर अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## टेंपो चालक लूटकांड का साजिशकर्ता गिरफ्तार



**रोहतक।** गांव हुमायुपुर के पास टेंपो चालक से लाखों रुपये की लूट के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अंकित निवासी मुरथल, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है।पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि हिसार बाईपास निवासी आकाश माल सप्लाई कर 4.39 लाख रुपये लेकर लौट रहा था। गांव हुमायुपुर के पास बाइक सवार तीन युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया, मारपीट की और आंखों में मिर्च पाउडर डालकर नकदी लूट ली। जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी वारदात की साजिश में शामिल था।

### नगर निगम में विकास कार्यों को लेकर राजनीतिक विवाद गहराता जा रहा, आरोप प्रत्यारोप तेज

**भाजपा पार्षदों का आरोप उनके वार्डों के लिए दिए गए थे एक से दो करोड़ के काम**

# निगम में कांग्रेसियों का बोलबाला, भाजपा पार्षदों की उपेक्षा, विपक्षियों के हो रहे काम

**पार्षदों में नाराजगी बढ़ती जा रही है और हाउस मीटिंग में मामला जोर-शोर से उठाने की तैयारी**

**वार्ड में काम करवाने के लिए धरना देने की चेतावनी देनी पड़ रही पार्षदों को**

**आरोप, एस्टीमेट बनवाने में भी छह-छह माह का समय लग रहा, कैसे होंगे काम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

नगर निगम में विकास कार्यों को लेकर राजनीतिक विवाद गहराता जा रहा है। कई भाजपा पार्षदों ने आरोप लगाया है कि निगम प्रशासन द्वारा उनके वार्डों की लगातार अनदेखी की जा रही है, जबकि चहेते और विपक्षी पार्षदों के वार्डों में करोड़ों रुपये के विकास कार्य मंजूर किए जा रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर कई पार्षदों में नाराजगी बढ़ती जा रही है और आने वाली हाउस मीटिंग में यह मामला जोर-शोर से उठने के आसार हैं। नगर निगम में कुल 22 वार्ड हैं, जिनमें 14 भाजपा पार्षद, दो कांग्रेस पार्षद और छह




निर्दलीय पार्षद शामिल हैं। भाजपा पार्षदों का आरोप है कि विगत वर्ष 2025 में उनके वार्डों के विकास के लिए एक-एक करोड़ रुपये के कार्य मंजूर किए गए थे, लेकिन अब तक उन पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। छह माह बीत जाने के बाद भी कई कार्य शुरू नहीं किए गए। उनके वार्ड में मात्र एक से दो करोड़ के बीच की राशि में कार्य करवाए जा रहे हैं। दूसरी ओर कई कांग्रेसी, निर्दलीय पार्षदों और चहेतों के वार्डों में सड़कों, गलियों, नालों, पार्कों और सामुदायिक भवनों जैसे विकास कार्य तेजी से करवाए गए। उनके काम तेजी से किए जा रहे हैं और भुगतान भी हो रहा है। पार्षदों का आरोप है कि वार्ड 01, 04, 08, 09, 10, 11, 12 व 20 जैसे कई वार्डों में दो गुणा बजट के विकास कार्य करवाएं जा रहे हैं। जिनका भुगतान भी जल्दी हो रहा है।हालांकि विकास कार्य होना अच्छी बात है लेकिन उनके वार्डों में बड़े प्रोजेक्ट पर काम नहीं किया जा रहा।

### व्हाटसएप कॉल पर बयां किया दर्द

व्हाटसएप कॉल पर बात करने वाले कई भाजपा पार्षदों का कहना है कि कई बार निगम अधिकारियों और संबंधित विभागों के समक्ष वार्डों की समस्याएं रखी गईं, लेकिन उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया। आरोप है कि उनके क्षेत्रों में विकास कार्यों की फाइलें लंबित रखी जा रही हैं। इससे वार्डों के लोगों में भी रोष बढ़ रहा है। कुछ पार्षदों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उन्हें अपने वार्डों में छोटे-छोटे विकास कार्य करवाने के लिए भी अधिकारियों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर अन्य वार्डों में बिना किसी देरी के करोड़ों रुपये के टेंडर जारी किए जा रहे हैं।

### जनता ने विकास के लिया चुना

भाजपा पार्षदों को अपने वार्डों में काम करवाने के लिए सरकारी कार्यालयों में धरने तक देने पड़ रहे हैं। हाल ही में वार्ड 7 के पार्षद ने भी काम न करने पर धरना देने की चेतावनी दी है। वह गोहाना अड्डा एरिया से डिवाइडर हटवाने के लिए कई दिन से आवाज उठा रहे हैं। उनका कहना है कि जनता ने उन्हें विकास के नाम पर चुना है और यदि वार्डों में काम नहीं होंगे तो जवाब उन्हें ही देना पड़ेगा।

### किन आधारों पर वार्डों से भेदभाव

सूत्रों के अनुसार आगामी हाउस मीटिंग में भाजपा पार्षद इस मुद्दे पर निगम प्रशासन को घेरने की तैयारी कर रहे हैं। पार्षद विकास कार्यों की सूची और मंजूर बजट का पूरा ब्योरा सदन में रखने की मांग कर सकते हैं। साथ ही यह भी सवाल उठाया जाएगा कि आखिर किन आधारों पर कुछ वार्डों को प्राथमिकता दी जा रही है। भेदभाव को लेकर कई पार्षदों में रोष व्याप्त है लेकिन कोई खुलकर बोलने को तैयार नहीं है।

## कूड़ा ही कूड़ा बदबू से सड़कों पर निकलना भी दुभर



**रोहतक।** सफाई कर्मचारियों की 12 दिनों से जारी हड़ताल के कारण शहर की सड़कों पर हर तरफ कूड़े के ढेर लगा गए हैं। कूड़े से उठती बदबू के कारण लोगों का सड़कों से गुजरना भी दुभर हो गया है। अब तो कूड़े में कीड़े भी पनपने लगे हैं। इससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। तेज दुर्गंध के कारण स्कूली बच्चे और लोग मुंह ढंककर सड़क से गुजरने को मजबूर हैं। *(विस्तृत पेज 12 पर )*

# हरिभूमि की पोस्टर प्रतियोगिता आज छात्रों का दिखेगा रचनात्मक हुनर

**कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी लेंगे हिस्सा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक हरिभूमि की ओर से मंगलवार को शहर में एक भव्य इंटर स्कूल पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। एलपीएस बोसार्ड के सौजन्य से आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को कला के जरिए वैश्विक शांति के महत्व से रूबरू कराना है। इस बार प्रतियोगिता का विषय युद्ध विनाशक है, शांति रचनात्मक है, रहेगा। यह कार्यक्रम मंगलवार को पुरानी आईटीआई ग्राउंड स्थित शहीद मदन लाल ढींगरा कम्युनिटी सेंटर में सुबह 9 बजे शुरू होगा। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर एलपीएस बोसार्ड के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश जैन और विशिष्ट अतिथि के रूप में निखार केमिकल ग्रुप के चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर राजेन्द्र बंसल शिरकत करेंगे। प्रतियोगिता में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। स्कूलों के माध्यम से पंजीकरण की प्रक्रिया पहले ही पूरी की जा चुकी है, इसलिए कार्यक्रम स्थल पर नए पंजीकरण स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सभी प्रतिभागियों को सुबह 8:30 बजे रिपोर्ट करने की सलाह दी गई है ताकि उन्हें समय पर रजिस्ट्रेशन नंबर दिए जा सकें। विद्यार्थियों को अपने साथ रंग, पेंसिल और कार्डबोर्ड जैसी सामग्री स्वयं लानी होगी। इस आयोजन में जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल और पठानिया वर्ल्ड कैंपस सहित कई अन्य संस्थान सहयोग कर रहे हैं।

### मकड़ौली टोल के पास हादसा, गोहाना से लौट रहे थे युवक

# टोल बचाने की जल्दबाजी बनी काल कार की टक्कर से दो दोस्तों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

मकड़ौली टोल प्लाजा के पास रविवार देर रात टोल बचाने की कोशिश दो युवकों की जिंदगी पर भारी पड़ गई। एक कार चालक ने अचानक गाड़ी मोड़ी और सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों को तुरंत पीजीआई पहुंचाया गया, लेकिन उपचार के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान आर्य नगर निवासी रोहित और नीरज के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवारों में मातम पसरा हुआ है। रोहित और नीरज रविवार रात रोहतक से बाइक पर सवार होकर गोहाना जा रहे थे। जब वे मकड़ौली टोल के पास पहुंचे तो उसी दौरान एक कार चालक टोल टैक्स बचाने के लिए अचानक गांव चमारिया की तरफ गाड़ी मोड़ने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार चालक ने बिना किसी संकेत के तेज रफ्तार में कट मारा, जिससे सामाने से आ रही बाइक सीधे कार से जा टकराई। बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

### घायलों को पीजीआई पहुंचाया

हादसे के तुरंत बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों और राहगीरों ने दोनों घायलों को संभाला और एंबुलेंस की मदद से पीजीआई रोहतक पहुंचाया। बताया जा रहा है कि दोनों युवकों के सिर और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन देर रात उपचार के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया।

### हादसों का खतरा बना रहता

लोगों का कहना है कि मकड़ौली टोल के आसपास अक्सर वाहन चालक टोल बचाने के लिए अचानक कट मारते हैं, जिससे हादसों का खतरा बना रहता है। कई बार प्रशासन को शिकायत भी दी गई, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। लोगों ने मांग की है कि टोल के आसपास सुरक्षा व्यवस्था और ट्रैफिक निगरानी बढ़ाई जाए ऐसे हादसों को रोका जा सके।

### दुकानदार को गोली मारने के बाद लेक्चरर की हुई थी हत्या

# कलानौर गोलीकांड के बाद पुलिस अलर्ट, बौंदिया की तलाश तेज

**दोनों वारदातों के बीच कनेक्शन तलाश रही**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

कलानौर में रविवार रात मोबाइल रिपेयर दुकानदार पर हुई फायरिंग और करीब 35 मिनट बाद बौंद गांव में लेक्चरर की हत्या से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। दोनों घटनाओं के तार जुड़े होने की आशंका के चलते रोहतक और चरखी दादरी पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी है। फायरिंग में घायल वार्ड नंबर-4 निवासी मुकेश का पीजीआई में उपचार चल रहा है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मुकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह विश्वकर्मा धर्मशाला के पास मोबाइल रिपेयर की दुकान पर काम कर रहा था। इसी दौरान दो युवक मोबाइल ठीक कराने आए, लेकिन तकनीकी कारणों से उसने मना कर दिया। बाद में अजीत पहलवान उर्फ बौंदिया का फोन आया और मोबाइल ठीक करने का दबाव बनाया गया। इंकार करने पर गाली-गलौज हुई। पुलिस ने अजीत पहलवान समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डिग्गी के पास बुला की वारदात

मुकेश ने बताया कि अजीत पहलवान ने फोन करके उसे कलानौर स्थित पानी की डिग्गी के पास बुलाया। जब वहां पहुंचा तो एक बाइक पर तीन युवक पहले से मौजूद थे। वहां पहुंचते ही दो युवकों ने उसे पकड़ लिया और तभी अजीत पहलवान ने पिस्तौल निकालकर उसकी दाहिनी छाती में गोली मार दी। गोली लगते ही मुकेश नीचे गिर पड़ा, लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी और जान बचाने के लिए शोर मचाते हुए भागने लगा।

### कई टीमें कर रहीं छापेमारी

थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। जो संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है और तकनीकी आधार पर भी जांच आगे बढ़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एमडीयू के यूआईईटी में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के मौके पर लगाई गई प्रदर्शनी में होनहारों ने पेश की भविष्य की तकनीक

**किसानों के लिए वरदान**

### अब रोबोट खेतों में कीटनाशक और यूरिया का करेगा छिड़काव

**रोहतक।** आधुनिक तकनीक अब खेती-किसानी के मुश्किल कामों को आसान और सुरक्षित बनाने के लिए तैयार है। एमडीयू के विद्यार्थी केशव, सिद्धार्थ, राहुल, हर्ष, अमन, साहिल और गौरव हाल ही में नया ब्लूटूथ आधारित पेस्टिसाइड स्प्रेयर रोबोट का प्रोटोटाइप पेश किया है, जो किसानों को रसायनों के सीधे संपर्क में आने से बचाएगा।



#### ये हैं खासियत

- **मल्टी-टास्किंग क्षमता:** एक ही मशीन से कीटनाशक का छिड़काव, खाद डालना और बुआई जैसे काम होंगे।
- **सुरक्षा और सुविधा:** छिड़काव के दौरान अकसर रसायन किसानों के शरीर या चेहरे पर लग जाते हैं, जिससे सेहत को नुकसान होता है। इस रोबोट की मदद से किसान धूप या गर्मी में खेत में उतरे बिना, किसी पेड़ की छाँव में बैठकर 50 मीटर की रेंज तक इसे ऑपरेट कर पाएंगे। इसे वाई-फाई और ऐप कंट्रोल किया जा सकेगा।

#### ड्रोन में बदलने की तैयारी

- विद्यार्थियों ने बताया कि अभी यह शुरुआती मॉडल (प्रोटोटाइप) है जो एक बीघे तक प्रभावी है। भविष्य में इसे ड्रोन तकनीक से जोड़ने की योजना है। ड्रोन में तब्दील होने के बाद यह कई एकड़ की जमीन को कवर कर सकेगा।
- बीमारी की पहचान : यह रोबोट फसलों की बीमारियों को खुद डिटेक्ट (पहचान) कर सकेगा।

**पानी का तापमान रहेगा नियंत्रित**

### स्मार्ट कूलर देगा तपती गर्मी में एसी जैसी ठंडक, नहीं आएगा पसीना

**रोहतक।** गर्मियों के मौसम में आम कूलर की सबसे बड़ी समस्या यह होती है कि बार-बार पानी रिसाइकिल होने के कारण वह गर्म हो जाता है, जिससे कूलिंग कम हो जाती है। इसी समस्या का समाधान रोहतक के कुछ होनहार छात्रों ने ढूंढ़ निकाला है। इन छात्रों एक नया स्मार्ट कूलर इजाद किया है।



#### क्या इस प्रोजेक्ट में

- छात्र अबरार, गौरव, साहिल, जतिन और अशरफुल ने ऐसा रेफ्रिजरेंट साइकिल आधारित कूलर तैयार किया है जो पानी के तापमान को नियंत्रित रखता है।
- आम कूलरों में पानी गर्म होने पर पैड्स से टकराने वाली हवा ठंडी नहीं रह पाती। यह तकनीक पानी के तापमान को बढ़ने नहीं देती
- ठंडा पानी पैड्स पर रहने से हवा में मौजूद गर्मी को ज्यादा सोख पाता है, जिससे बाहर आने वाली हवा ठंडी होती है। इस पूरे प्रोजेक्ट को लगभग 10,000 से 11,000 रुपये के बजट में तैयार किया गया है।

#### क्या-क्या हुआ प्रयोग

- **कंडेंसर** : यह हीट को बाहर निकालता है
- **कंप्रेसर** : यह रेफ्रिजरेंट को सर्कुलेट करता है।
- **इवेपोरेटर कॉइल** : हवा को ठंडा करती है।
- **फिल्टर** : पानी की अशुद्धियों को साफ करता है।

**ऐसे करता है काम**

- **रेफ्रिजरेशन साइकिल:** यह पूरा सेटअप एक वेपर कंप्रेशन साइकिल पर आधारित है, जिसका मुख्य उद्देश्य कूलिंग प्रदान करना है।
- **तापमान में कमी:** कंप्रेसर और अन्य भाग मिलकर पानी का तापमान कम कर देते हैं।
- **ठंडी हवा:** ठंडा पानी कूलर के पैड्स पर गिरने के परिणाम स्वरूप हवा ठंडी रहती है।

**विज्ञान और तकनीक**

### ब्लूटूथ व वॉइस कमांड से चलेगी हाईटेक व्हीलचेयर, सहायक की जरूरत नहीं

**रोहतक।** विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में स्थानीय युवाओं ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। एमडीयू के विद्यार्थी सुमित, सन्नी, प्रिंस, मंजीत सिंह, रोहित और नितिन ने एक ऐसी स्मार्ट व्हीलचेयर तैयार की है, जो शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के लिए राहत देने वाली होगी। इसे चलाने के लिए किसी सहायक की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।



#### मुख्य विशेषताएं

- यह व्हीलचेयर स्मार्टफोन से नियंत्रित होगी।
- तीन अलग-अलग तरीकों से चलेगी।
- **बटन कंट्रोल** : फोन एप में दिए गए चार बटनों (आगे, पीछे, बाएं और दाएं) की मदद से इसे आसानी से चलाया जा सकता है।
- **जेस्चर कंट्रोल:** फोन को जिस दिशा में झुकाया जाएगा, व्हीलचेयर उसी दिशा में मुड़ जाएगी।
- **वॉइस कमांड:** यूजर बोलकर भी व्हीलचेयर को निर्देश दे सकता है। जैसे फॉरवर्ड बोलने पर यह आगे बढ़ेगी और '**Backward**' बोलने पर पीछे।

**कम लागत में तैयार**

- इस पूरी व्हीलचेयर को तैयार करने में मात्र 3,000 से 4,000 रुपये का खर्च आया है। इसमें एडिनो का उपयोग इसके दिमाग के तौर पर किया गया है, जिसमें सी-भाषा के जरिए कोडिंग की गई है।
- इसका लक्ष्य उन लोगों की मदद करना है जो अपने हाथों का मूवमेंट नहीं कर पाते। या जिन्हें हर छोटे काम के लिए दूसरे पर निर्भर रहना पड़ता है। इस शोध को प्रदर्शनी में पहला स्थान मिला। (पेज 12 भी देखें)




### महेंद्रा मॉडल स्कूल के सामने खाली जमीन बनी मुसीबत

# मानसून में बन जाती है तालाब नहीं मिल रहा स्थायी समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के महेंद्रा मॉडल स्कूल के सामने स्थित एचएसवीपी विभाग की खाली पड़ी जमीन आसपास के लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनती जा रही है। हर वर्ष मानसून के दौरान इस जमीन में बारिश का पानी भरकर तालाब का रूप ले लेता है। जलभराव की स्थिति कई दिनों तक बनी रहती है। जिससे लोगों, विद्यार्थियों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया। हल्की बारिश के बाद ही खाली प्लॉट में पानी जमा होना शुरू हो जाता है। बरसात तेज होने पर पूरा क्षेत्र पानी से लबालब भर जाता है। सड़क किनारे जमा पानी के कारण आने-जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी होती है, वहीं पैदल गुजरने वाले लोगों को भी कीचड़ और बदबू से जूझना पड़ता है। लोगों का कहना कि कई बार शिकायत करने के बाद भी इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं मिल रहा है। लोगों की प्रशासन से अपील है कि सरकार इस पर ध्यान दे और लोगों को राहत देने का काम करे।

#### बदबू के कारण निकलना भी मुश्किल

शाम के समय बदबू और मच्छरों के कारण लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। लोगों की मांग है कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले मानसून में समस्या और गंभीर हो सकती है। लोगों का कहना है कि शहर में स्मार्ट सुविधाओं की बात तो की जाती है, लेकिन बुनियादी समस्याएं आज भी जस की तस बनी हुई हैं।

#### डेंगू, मलेरिया और वायरल बुखार जैसी बीमारियों का बढ़ जाता खतरा

लोगों का आरोप है कि एचएसवीपी विभाग की ओर से जमीन की नियमित सफाई और जल निकासी की व्यवस्था नहीं की जाती। खाली जमीन में उगी झाड़ियां और गंदगी जलभराव को और बढ़ा देती हैं। बरसात के दिनों में यहां गंदा पानी लंबे समय तक ठहरा रहता है, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। आसपास रहने वाले लोगों का कहना है कि हर साल डेंगू, मलेरिया और वायरल बुखार जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। कई बार प्रशासन और संबंधित विभाग को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिलता है। बरसात खत्म होने के बाद स्थिति को भुला दिया जाता है और अगले मानसून में फिर वही समस्या सामने आ जाती है। लोगों ने मांग की है कि खाली जमीन में मिट्टी भरवाई जाए और उचित जल निकासी व्यवस्था बनाई जाए ताकि बारिश का पानी जमा न हो।



रोहतक। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि ओएसडी वीरेन्द्र बढ़खालसा को सम्मानित करते भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल, जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी शमशेर खरक व अन्य सदस्य।

# भगवतीपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सीएम के ओएसडी से की भेंट

"हमें जातियों में बंटकर नहीं, राष्ट्रहित और समाजहित के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ना है" : वीरेन्द्र बढ़खालसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल के गांव भगवतीपुर स्थित निजी निवास पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ओएसडी वीरेन्द्र बढ़खालसा का आगमन हुआ, जहां लाखनमाजरा ब्लॉक के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार, राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता एवं वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा वीरेन्द्र बढ़खालसा का फूल-मालाएँ पहनाकर तथा जयघोष के साथ भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली।

वीरेन्द्र बढ़खालसा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विकास, सुरक्षा और वैश्विक सम्मान के नए आयाम स्थापित कर रहा है। केंद्र सरकार की नीतियों का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रहा है और देश आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

#### ये रहे मौजूद

भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी शमशेर खरक, जिला महामंत्री नितिन जैन, जिला कोषाध्यक्ष अमित बंसल, जिला प्रवक्ता अजय शर्मा, जिला सह मीडिया प्रभारी पं. लोकेश शर्मा, रेखा रोहिल्ला, सरदार कुलविंद्र सिक्का, सरपंच अरुण निडाना, सरपंच विनोद इंद्रगढ़, सरपंच बहु जमालपुर संजय बल्हारा, सरपंच यशवीर टूना, जस्सू राठी, अनिल राठी, सतवीर राठी, समीर नागर, राजकुमार भौरिया, भगत सिंह, रोहताश गिल, रविन शर्मा, वजीर नेहरा, हंसा ढुल, पप्पू फौजी, जयप्रकाश घामड़, ओम ढुल, मास्टर सतवीर, सत्यपाल ढुल, डॉ. प्रमोद भौरिया, इंद्रमोहन अरोड़ा, संजय वर्मा, पार्षद अमित कलानौर, संदीप राठी, मोहित चैधरी, भूपेन्द्र ढुल, अखिल ढाका, विक्रांत ढुल, वजीर खोखर एवं अनिल खोखर, जमसेर ढुल, सुनिल ढुल, लीलू ढुल, श्रवण ढुल, धर्मबीर नागर, राजेश प्रताप भौरियां सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### किसानों को मिलेगी बिजली व डीजल से राहत

# जिले में इस साल लगेंगे 900 नए सोलर ट्यूबवेल

- नए ट्यूबवेल लगने के बाद प्रदेश में संख्या पहुंचेगी 1.91 लाख के पार
- वर्ष 2025-26 तक 2.17 लाख सोलर ट्यूबवेल लगाने का सरकार ने रखा था लक्ष्य
- दिसंबर 2025 में मांगे गए थे ऑनलाइन आवेदन, अब शुरू होगी लगाने की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा सरकार चालू वित्तीय वर्ष में प्रदेशभर में 8000 नए सोलर ट्यूबवेल लगाने जा रही है। इन ट्यूबवेलों के लगने के बाद राज्य में कुल सोलर ट्यूबवेलों की संख्या बढ़कर 1 लाख 91 हजार 717 हो जाएगी। सरकार ने वर्ष 2025-26 तक प्रदेश में 2 लाख 17 हजार सोलर ट्यूबवेल लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया हुआ है। इस योजना के तहत रोहतक जिले में 900 सोलर ट्यूबवेल लगाए जाएंगे। ध्यान रहे कि दिसंबर 2025 में सरकार द्वारा सोलर ट्यूबवेल के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। अब जो ट्यूबवेलों लगाए जाएंगे, उन्हें वित्तीय वर्ष 2025-26 में शामिल माना जाएगा। योजना को लेकर किसानों में काफी उत्साह था और करीब 35 हजार किसानों ने आवेदन किए थे।

#### बेहतर सीखने का माहौल मिलेगा

हालांकि लक्ष्य केवल 8000 ट्यूबवेल का होने के कारण पात्र किसानों का चयन तय मानकों के आधार पर किया गया। सरकार की इस योजना का उद्देश्य किसानों को सिंचाई के लिए सस्ती, भरोसेमंद और पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा उपलब्ध कराना है। बिजली की अनियमित आपूर्ति और डीजल की बढ़ती कीमतों के बीच सोलर ट्यूबवेल किसानों के लिए बड़ी राहत बनकर उभर रहे हैं। खेतों में लगने वाले सोलर पैनल अब गांवों में आत्मनिर्भर खेती की नई पहचान बनते जा रहे हैं। योजना के तहत किसानों को 75 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। अलग-अलग क्षमता के सोलर पम्पसेट के लिए किसानों को अपनी हिस्सेदारी के रूप में निर्धारित राशि जमा करवानी होगी।

#### पांपरिक ऊर्जा स्त्रोतों से होंगे मुक्त

3 बीएचपी पम्पसेट के लिए करीब 46 हजार रुपये, 5 बीएचपी के लिए 69 हजार रुपये, 7.5 बीएचपी के लिए लगभग 90 हजार रुपये और 10 हॉर्स पावर पम्पसेट के लिए करीब 1 लाख 9 हजार रुपये किसान को देने होंगे। बाकी खर्च सरकार सब्सिडी के रूप में वहन करेगी। कृषि एवं ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, सोलर ट्यूबवेल किसानों को पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों पर निर्भरता से मुक्त करेंगे। डीजल पम्प जहां महंगे और प्रदूषण फैलाने वाले हैं, वहीं बिजली कटौती के कारण सिंचाई प्रभावित होती है। सोलर ट्यूबवेल इन दोनों समस्याओं का समाधान देते हुए दिन के समय निर्बाध सिंचाई की सुविधा प्रदान करेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि इस योजना से किसानों की सिंचाई लागत कम होगी और उनकी आय में बढ़ोतरी होगी। साथ ही यह पहल हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी अहम कदम साबित होगी।

# पीजी कॉलेज बने मोखरा और महम के राजकीय महाविद्यालय, इतिहास में एमए कर सकेंगे विद्यार्थी

### एमए की कक्षाओं को मंजूरी मिलने से दोनों महाविद्यालयों में खुशी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम और मोखरा के राजकीय महाविद्यालय अब स्नातकोत्तर महाविद्यालय बन गए हैं। दोनों महाविद्यालयों में एमए इतिहास की 40-40 सीटों को मंजूरी मिली है। इन महाविद्यालयों को नया पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स शुरू करने की आधिकारिक स्वीकृति मिलने से इन शिक्षण संस्थानों में खुशी का माहौल है। साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय मोखरा की प्रिंसिपल डॉ. मीनू नैन ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब मोखरा व आस पास के गांवों के विद्यार्थियों को पीजी करने के लिए रोहतक या अन्य शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। खासकर लड़कियों को इसका अधिक फायदा होगा। क्योंकि माता पिता उन्हें दूर दराज के शहरों में पढ़ाने के लिए नहीं भेजते थे। विद्यार्थी एमए में इसी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से ही दाखिला ले सेकेंगे। इसके लिए जल्द ही दाखिलों की तारीख घोषित कर दी जाएगी। विस्तृत जानकारी के लिए विद्यार्थी महाविद्यालय की वेबसाइट देख सकते हैं या कॉलेज कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।



डॉ. मीनू नैन। प्रिंसिपल गवर्नमेंट कॉलेज मोखरा।

#### यूजी कक्षाओं में दाखिला प्रक्रिया शुरू

राजकीय महाविद्यालय महम के प्रिंसिपल डॉ. सत्यव्रत ने बताया कि उनके महाविद्यालय में यूजी कक्षाओं के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। गवर्नमेंट कॉलेज महम में बीए के लिए 640 सीटें हैं। बीएससी नॉन मेडिकल की 160 सीट हैं। इसी प्रकार बी कॉम व बीसीए के लिए भी 160-160 सीटें हैं। 7 मई से ऑन लाइन दाखिले शुरू हो चुके हैं। यूजी कक्षाओं के लिए बिना लेट फीस 31 मई तक दाखिला प्रक्रिया चलेगी। मोखरा कॉलेज में बीए की 120 सीट हैं, जिनके लिए दाखिला प्रक्रिया जारी है।

# जेसीबी किराए पर लेने का झांसा देकर ठग ने मालिक से 75 हजार रुपये ऐंठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर के पुराना बर्फखाना रोड पर जेसीबी किराए पर देने का कार्य करने वाले व्यक्ति के साथ 75 हजार रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में सुमित ने बताया कि उसके पास एक मोबाइल से कॉल आई। व्यक्ति ने आईटीआई के सामने पाइप लाइन का काम कराने के लिए जेसीबी किराए पर मांगी। उन्होंने बताया जब उसने जेसीबी का किराया 11 सौ रुपये प्रतिघंटा बताया तो थोड़ी देर बाद फिर से उस व्यक्ति की कॉल आई। उस व्यक्ति ने कहा कि आपके खाते में फिलहाल 42 हजार रुपये डाल दिए हैं तथा आठ हजार रुपये और डाल देता हूं, इसके बाद आपके पास पचास हजार रुपये एडवांस हो जाएंगे। इसके थोड़ी देर बाद फिर से उस व्यक्ति का फोन आया जिसमें उसने बताया कि आपके पास भूलवश आठ हजार रुपयों की बजाय अस्सी हजार रुपये भेज दिए इसलिए बकाया रकम उसे वापिस देनी होगी। शिकायतकर्ता के अनुसार इसके बाद वह उसकी बातों में आ गया और उसने अलग-अलग ट्रांजक्शन के माध्यम से एक बार 12 हजार रुपये, एक बार 43 हजार, फिर 19999 रुपये की पेमेंट भेज दी। इसके बाद उसने जेसीबी भी संबंधित आईटीआई के सामने भिजवा दी। जब कई देर तक वहां कोई नहीं पहुंचा तो उसे ठगी का आभास हुआ। जब उसने अपने बैंक पहुंच कर बैलेंस चेक किया तो पता चला कि उसके साथ 74,999 रुपये की ठगी हुई है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नशाखोरी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति, 113 स्टोरों की हुई जांच, 13 संचालकों को नोटिस जारी

### नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री पर रोक के लिए मेडिकल स्टोरों की लगातार जांच जारी : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डीसी सचिन गुप्ता ने कहा है कि प्रशासन द्वारा नशाखोरी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति लागू की गई है और प्रतिबंधित नशीली दवाओं की बिक्री करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना लाइसेंस दवाइयों की बिक्री करने वालों के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज करवाई जाए। उपायुक्त सोमवार को लघु सचिवालय सभागार में एनकोड, पुलिस एवं जिला जेल की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला में नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री रोकने के लिए मेडिकल स्टोरों की लगातार जांच की जा रही है। जिले में कुल 1532 लाइसेंसशुदा मेडिकल स्टोर हैं। अप्रैल माह में 113 मेडिकल स्टोरों की जांच की गई, जिनमें अनियमितता पाए जाने पर तीन मेडिकल स्टोरों के लाइसेंस निलंबित किए गए तथा 13 संचालकों को नोटिस जारी किए गए। डीसी ने ड्रग्स कंट्रोल अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगले तीन माह में शेष मेडिकल स्टोरों की जांच पूरी कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही पार्क, सब्जी मंडी, स्टेडियम और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने समाज कल्याण विभाग और जिला रेडक्रॉस सोसायटी को युवाओं के बीच नशा मुक्ति जागरूकता अभियान तेज करने को कहा। उन्होंने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाकर उन्हें इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया। इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस विशाल सिंह, जेल अधीक्षक सत्यवान, उपमंडलाधीश आशीष कुमार, जिला न्यायवादी सुरेंद्र पाहवा, जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी, जिला खेल अधिकारी अनूप सिंह, जिला रेडक्रास सोसायटी के मुख्य प्रशिक्षक रविदत्त आदि रहे।



रोहतक। लघु सचिवालय सभागार में एनकोड, पुलिस एवं जिला जेल की समीक्षा बैठक लेते डीसी सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

# ऑटो चालक पर दोस्तों ने किया हमला सिर की कई हड्डियां टूटी, हालात गंभीर

**सोनीपत।** कुंडली क्षेत्र में निफ्टम चौक के पास एक ऑटो चालक पर उसके ही दोस्तों ने शराब की बोतल से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले में युवक के सिर की कई हड्डियां टूट गईं और अंदरूनी रक्तस्राव शुरू हो गया। गंभीर हालत में उन्हें बहालगढ़ रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। गांव नांगल कलां निवासी अन्नू (27) ऑटो चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। बताया जा रहा है कि वह अपने कुछ दोस्तों से मिलने के लिए कुंडली गए थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर उनके दोस्तों के साथ विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने शराब की बोतल से अन्नू के सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी उसे निफ्टम चौक के पास घायल अवस्था में छोडकर भाग गए। देर शाम जब अन्नू की पत्नी रूखसार ने उनके मोबाइल पर फोन किया तो एक आरोपी ने फोन उठाया। आरोप है कि उसने फोन पर कहा कि तुम्हारे पति को हमने मार दिया है, वह निफ्टम चौक के पास पड़ा है, आकर उठा लो। यह सुनकर परिजनों के होश उड़ गए।

# गेहूं की सरकारी खरीद के बचे चार दिन, दो लाख 9 हजार 369 मीट्रिक टन का हुआ उठान

**झज्जर।** गेहूं की सरकारी खरीद के महज चार दिन शेष बचे हैं। 15 मई तक गेहूं की सरकारी खरीद की जाएगी। वहीं, जिले की अनाज मंडियों में उठान कार्य जोरों पर चल रहा है। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि जिले भर की मंडियों व खरीद केंद्रों पर उपज का उठान कार्य प्रगति पर है। अब तक जिले में गेहूं की 2 लाख 37 हजार 921 मीट्रिक टन की आवक दर्ज हुई, जबकि 2 लाख 23 हजार 772 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। वहीं 2 लाख 9 हजार 369 मीट्रिक टन गेहूं उपज का उठान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि खरीद एजेंसियों द्वारा स्टोरेज व्यवस्था को बेहतर ढंग से प्रबंधित किया जाए, जिससे खरीदी गई उपज का सुरक्षित भंडारण किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और सभी कार्य सुचारू रूप से संपन्न किए जाएं।

# दस्तावेजों के अभाव में नहीं रुकेगा दाखिला

**झज्जर।** सोमवार को शहीद रमेश कुमार राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी रतींद्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों ने भाग लिया। बैठक में जिला निपुण समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने पिछले सत्र की छात्र संख्या से वर्तमान सत्र की छात्र संख्या की तुलना की। उन्होंने बालवाटिका में दाखिले बढ़ाने पर जोर दिया।

जिला परियोजना समन्वयक अनिल शर्मा ने उपस्थित प्राचार्यों को पाठ्य पुस्तकों की वितरण की नवीनतम स्थिति अपडेट करने तथा यूडाइस कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजबाला ने पुस्तकालय से पुस्तकों का नियमित और उचित वितरण, वाटर टैंक, शौचालय आदि की स्वच्छता सुनिश्चित करने, विद्यार्थियों की अधिकतम उपस्थिति तथा मध्याह्न भोजन को विभाग द्वारा प्रदान मेन्यू एवं रेसिपी के अनुसार पकाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आरटीई एक्ट-2009 के अनुसार किसी छात्र को दस्तावेजों के अभाव में प्रवेश से वंचित न किया जाए बल्कि उसका एमआईएस पर ऑफलाइन दाखिला कर दिया जाए।

### सांपला में मतदान के अगले दिन चौपालों में रहा राजनीतिक चर्चाओं का माहौल

# नपा में बंपर वोटिंग ने बिगाड़े चुनावी समीकरण व ओपिनियन पोल

मुख्य मुकाबले में भाजपा प्रत्याशी व दो निर्दलीय उम्मीदवार बने चर्चा का विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला




नगरपालिका चुनाव में हुई बंपर वोटिंग के बाद चुनावी समीकरणों और ओपिनियन पोल को लेकर नए कयास शुरू हो गए हैं। मतदान के अगले दिन कस्बे की चौपालों, चाय की दुकानों, हुक्का बैठकों और सोशल मीडिया पर पूरे दिन राजनीतिक चर्चाओं का माहौल बना रहा। हर गली और मोहल्ले में लोग अपने-अपने आंकड़े और जीत हार के दावे करते नजर आए। मुख्य मुकाबले में भाजपा प्रत्याशी और दो मजबूत निर्दलीय उम्मीदवारों को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा सुनने को मिली। खासकर सांपला और खेड़ी क्षेत्र में किस प्रत्याशी को कितना समर्थन मिला इसको लेकर लोगों ने वार्डवार गणित बैठाना शुरू कर दिया। कई जगह मतदान प्रतिशत को किसी उम्मीदवार के पक्ष में माना गया तो कहीं इसे सत्ता विरोधी माहौल से जोड़कर देखा गया। ब्राह्मण, पंजाबी और वैश्य समाज की वोट किस तरफ गई इसको लेकर भी पूरे दिन बहस चलती रही। कुछ लोग भाजपा के पारंपरिक वोट बैंक को मजबूत बता रहे थे तो कुछ का मानना था कि नाराज वोटरों का रुझान निर्दलीय उम्मीदवारों की ओर दिखाई दिया। कई चौपालों में यह भी चर्चा रही कि यदि विरोधी वोट एकजुट हुए तो परिणाम चौंकाने वाले हो सकते हैं।

बंपर मतदान के कारण पहले लगाए जा रहे कई ओपिनियन पोल और चुनावी आकलनों पर भी सवाल उठने लगे हैं। राजनीति से जुड़े लोगों का कहना है कि अधिक मतदान अक्सर शांत वोटरों की भूमिका को बढ़ा देता है जिससे अंतिम परिणाम अनुमान से अलग भी आ सकते हैं। यही कारण रहा कि मतदान के अगले दिन हर कोई अपने स्तर पर चुनावी गणित समझाने में लगा दिखाई दिया। मतदान के दौरान शांति स्कूल स्थित मतदान केंद्र पर सामने आए बोगस वोट के मामले की चर्चा भी लोगों के बीच बनी रही। करीब आधा घंटा प्रभावित रही मतदान प्रक्रिया और पुलिस कार्रवाई को लेकर लोगों ने प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। वहीं मतदान से पहले रात को बांटे गए कथित पर्चों का मामला भी चर्चा में रहा। लोग यह सवाल उठाते दिखाई दिए कि जब पूरी रात पुलिस की गश्त थी तो फिर पर्चे कैसे बांटे गए।

सोशल मीडिया पर भी समर्थकों ने अपने-अपने प्रत्याशियों की जीत के दावे शुरू कर दिए हैं। फिलहाल मतगणना से पहले सांपला में चुनावी चर्चाओं और कयासों का बाजार पूरी तरह गर्म नजर आ रहा है।

# नई पीओएस मशीनों से आंखें स्कैन होकर मिलेगा राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

राशन वितरण प्रणाली को आधुनिक और पारदर्शी बनाने की दिशा में सरकार ने आवश्यक कदम उठाया है। अब पुरानी 2-जी मशीनों की जगह 5-जी तकनीक आधारित नई पीओएस मशीनें और डिजिटल कांटे राशन डिपो पर लगाए जाएंगे। बहादुरगढ़ के 117 सरकारी राशन डिपो पर ये आधुनिक उपकरण जल्द इंस्टॉल किए जाएंगे।

विभाग के पास नई मशीनें और डिजिटल कांटे पहुंच चुके हैं, हालांकि फिलहाल कुछ तकनीकी प्रक्रियाएं पूरी की जानी बाकी हैं। प्रक्रिया पूरी होते ही ये मशीनें व तराजू डिपो होल्डरों को दे दिए जाएंगे, जिसके बाद लाभार्थियों को इन्हीं मशीनों के माध्यम से राशन वितरित किया जाएगा। दरअसल, पुरानी मशीनों को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के बाद विभाग ने यह कदम उठाया है। कई बार नेटवर्क समस्या और बायोमेट्रिक दिक्कतों के कारण लाभार्थियों को राशन लेने में परेशानी उठानी पड़ती थी। इसके अलावा समय भी काफी लग जाता था। ये नई मशीनें अत्याधुनिक बायोमेट्रिक सिस्टम और आंखों की स्कैनिंग सुविधा से लैस होंगी। बेहतर इंटरनेट स्पीड के कारण नेटवर्क संबंधी दिक्कतें कम होंगी और डाटा रियल टाइम में अपडेट होगा। अधिकारियों की मानें तो, इससे राशन वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी तथा लाभार्थियों की शिकायतों का त्वरित समाधान भी संभव हो सकेगा।

**खबर संक्षेप**

## नागरिकों की शिकायतों के समयबद्ध और स्थायी समाधान के निर्देश

**रोहतक।** डीसी सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों के निपटारे में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया जाए तथा प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और उचित समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए संबंधित व्यक्ति से संवाद स्थापित कर उन्हें विभागीय कार्यवाही की जानकारी भी दी जाए, ताकि वे संतुष्ट हो सकें। उपायुक्त ने बताया कि प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला एवं उपमंडल मुख्यालयों पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित समाधान करना है, जिससे नागरिकों को राहत मिल सके। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविरों और अन्य शिकायत पोर्टलों की नियमित समीक्षा करें तथा लंबित शिकायतों का निर्धारित समयावधि में निपटारा सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन शिकायतों के समाधान की लगातार समीक्षा कर रहा है और नागरिकों की संतुष्टि जानने के लिए कॉलिंग सेल भी स्थापित किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिक की संतुष्टि के बाद ही शिकायत को पूर्ण रूप से निस्तारित माना जाएगा। जिला मुख्यालय और महम में लगे समाधान शिविर उपायुक्त के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर आयोजित समाधान शिविर में प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण के सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं।

### 35 वर्षीय धर्मवीर ने कमबैक कर 200 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण

# इंडियन एथलेटिक्स सीरीज-5 में 11 गोल्ड समेत जीते 24 पदक

**पंजाब के संगरूर स्थित वार हीरोज स्टेडियम में हुआ प्रतियोगिता में मनवाया प्रतिभा का लोहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



धर्मवीर।

पंजाब के संगरूर स्थित वार हीरोज स्टेडियम में आयोजित इंडियन एथलेटिक्स सीरीज-5 में हरियाणा के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया है। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और पंजाब एथलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में हरियाणा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 24 पदकों पर कब्जा किया। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि 11 स्वर्ण, 7 रजत और 6 कांस्य जीते। 35 साल के धर्मवीर रोहतक ने कमबैक करते हुए 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता।

प्रतियोगिता के परिणामों की विस्तृत जानकारी देते हुए एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव प्रदीप मलिक ने बताया कि स्वर्ण पदक जीतने वालों में किरण पहल (400 मीटर), शिल्पा रानी (जेवलिन थ्रो), निधि (पोल वॉल्ट), धर्मवीर (200 मीटर), गुरजीत सिंह (हाई जंप), आयुष तंवर (पोल वॉल्ट), कृतिका (800 मीटर) और अनीता (5 किमी दौड़) शामिल हैं। इसके साथ ही अंडर-20 आयु वर्ग में भव्या पिलानिया ने जेवलिन थ्रो, कशिश ने लॉन्ग जंप और दिनेश तंवर ने लॉन्ग जंप में स्वर्ण पदक जीता।

**जानें... किसने क्या पदक जीता**

सत्यवीर धनखड़ (मीडिया प्रभारी, खेल) के अनुसार, प्रदेश के खिलाड़ियों ने रजत और कांस्य पदक श्रेणियों में भी अपना दबदबा बनाए रखा। अविनाश, रोहित, संयम, युवराज, देव, शबनम और अमित कुमार ने अपने-अपने इवेंट्स में रजत पदक जीता। वहीं, अजय कुमार, अजय, दिनेश दलाल, हेमंत, रजनी और अंजलि ने कांस्य पदक जीता। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि हरियाणा के खिलाड़ियों का यह अनुभवी प्रदर्शन आगामी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए एक मजबूत आधार तैयार करेगा।

**रोप स्किपिंग क्वीन चैलेंज कप में 300 बेटियों ने दिखाया हुनर**


**रोहतक।** सेक्टर-34 स्थित पठानिया वर्ल्ड कैंपस में रोप स्किपिंग संगठन हरियाणा द्वारा 14वें क्वीन चैलेंज कप-2026 का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हरियाणा के विभिन्न जिलों से लगभग 300 बेटियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन संघ सचिव मनदीप बधवार के नेतृत्व में हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. प्रीति नारा एवं हरियाणा रोप स्किपिंग के प्रधान अनिल गॉड ने किया। विजेता खिलाड़ियों को साइकिल, ट्रेवलिंग बैग, लैपटॉप बैग सहित कई पुरस्कार प्रदान किए गए। समापन समारोह में डीसीपी धरना यादव, कलाकार रामकेश जीवनपुर वाला, अभिनेत्री निशा शर्मा, गायक सुनील सैनी तथा अंतरराष्ट्रीय साइकिलिस्ट स्वीटी मलिक ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में अंडर-9 वर्ग में तावीसा बत्रा, अंडर-11 में चुनमुन, अंडर-14 में उर्जिता और अंडर-17 में आराध्या विजेता रहीं। संघ सचिव मनदीप बधवार ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में खेल भावना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाती हैं। उन्होंने बताया कि अब तक बेटियों को प्रोत्साहन स्वरूप 170 साइकिल और 15 लैपटॉप वितरित किए जा चुके हैं।

### बीएमयू में ऑनलाइन शिक्षा व वैश्विक रोजगार के अवसरों पर व्याख्यान

# वैश्विक रोजगार बाजार की जरूरतों के अनुरूप तैयार करते हैं ऑनलाइन कोर्स

"ऑनलाइन शिक्षा से वैश्विक आय तक : नि:शुल्क पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को रिमोट जॉब्स प्राप्त करने में कैसे सहायक हैं" रहा विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में मूक एवं स्वयं प्रकोष्ठ के तत्वावधान में "ऑनलाइन शिक्षा से वैश्विक आय तक : निःशुल्क पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को रिमोट जॉब्स प्राप्त करने में कैसे सहायक हैं" विषय पर विशेष ऑनलाइन रोजगार अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल कौशल, ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफॉर्म्स और वैश्विक रोजगार अवसरों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता आकांक्षा ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में ऑनलाइन शिक्षा और निःशुल्क प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम करियर निर्माण का प्रभावी माध्यम बन चुके हैं। उन्होंने बताया कि स्वयं, मूक तथा अन्य अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से विद्यार्थी तकनीकी, व्यावसायिक और संचार कौशल विकसित कर सकते हैं। इन पाठ्यक्रमों की सहायता से युवाओं को रिमोट जॉब्स, फ्रीलांसिंग और इंटर्नशिप जैसे अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

**विशेषज्ञों ने विस्तार से सवालों के दिए जवाब**

उन्होंने कहा कि ऑनलाइन कोर्स केवल ज्ञान तक सीमित नहीं हैं, बल्कि विद्यार्थियों के रेज़्यूमे को मजबूत बनाकर उन्हें वैश्विक रोजगार बाजार की जरूरतों के अनुरूप तैयार करते हैं। संवादात्मक सत्र में विद्यार्थियों ने इंटर्नशिप, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल कार्य संस्कृति, ऑनलाइन प्रमाणन और अंतरराष्ट्रीय करियर अवसरों से जुड़े सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने विस्तार से समाधान किया। कार्यक्रम में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) बी. एम. यादव और प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार ने डिजिटल शिक्षण और रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया। प्रो. (डॉ.) नवीन कुमार ने विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. (डॉ.) संगीता मलिक ने किया, जबकि डॉ. कृपा राम ने समन्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. तिलक राज द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## ग्रीनलैंड स्कूल में उत्साह के साथ मनाया गया मदर्स डे



**रोहतक।** ग्रीनलैंड स्कूल में मदर्स डे के उपलक्ष्य में भव्य एवं मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माताओं और बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगितात्मक राउंड आयोजित किए गए, जिनमें सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत "परफॉर्मेंस राउंड" से हुई, जिसमें माताओं और बच्चों ने डांस, कविता एवं गीत प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके बाद "क्रीएटिविटी राउंड" में माताओं ने बच्चों की यादों से जुड़ी सुंदर एल्बम प्रस्तुत कीं। "क्वीन ऑफ किचन" राउंड में प्रतिभागियों ने मसालों को छूकर पहचानने की रोचक प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। वहीं रैम्प वॉक राउंड में माताओं ने आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रस्तुति दी। अंतिम प्रश्नोत्तर राउंड में प्रतिभागियों से विभिन्न सवाल पूछे गए। सभी राउंड्स के प्रदर्शन के आधार पर एलकेजी छात्रा किनाया की माता अंजू को "बेस्ट मॉम" चुना गया। दीपाली को फर्स्ट रनरअप तथा किरण को सेकंड रनरअप का खिताब मिला। डायरेक्टर अतर सिंह कौशिक एवं को-डायरेक्टर संतोष कौशिक ने मातृत्व के महत्व पर प्रकाश डाला।

# गुरुकुल प्रणाली है विद्यार्थियों के श्रेष्ठ चरित्र और व्यक्तित्व निर्माण का वास्तविक आधार

- गुरुकुल विश्व भारती में उपाचार्य उदयवीर स्मृति दिवस एवं पूर्व छात्र मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



गुरुकुल विश्व भारती, भैयापुर, लाढ़ौत रोड पर रविवार को उपाचार्य उदयवीर स्मृति दिवस एवं पूर्व छात्र मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुकुल के संस्थापक एवं संचालक आचार्य हरिदत्त उपाध्याय ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी आर्यवेश ने शिरकत की। अपने प्रेरणादायक संबोधन में स्वामी आर्यवेश ने गुरुकुल शिक्षा पद्धति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थियों के श्रेष्ठ चरित्र और व्यक्तित्व निर्माण का वास्तविक आधार गुरुकुल प्रणाली है। उन्होंने कहा कि गुरुकुलों में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्य, अनुशासन और भारतीय संस्कृति के संस्कार भी दिए जाते हैं, जो उन्हें जीवन में सफल और जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं। समारोह में समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर ट्रस्ट सदस्य डॉ. रोहतास, जयवीर सिंह मलिक, प्रवीण शास्त्री, गुरुकुल निदेशक आचार्य नंदकिशोर, मुख्य अधिष्ठाता नंदलाल शास्त्री तथा प्राचार्य संजय कौशिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे। गीत, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। समारोह का वातावरण संस्कृति, उत्साह और प्रेरणा से ओत-प्रोत रहा।

## गवर्नमेंट कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय टेक्नोलॉजी दिवस

महम। गवर्नमेंट कॉलेज महम में मेरा युवा भारत संस्था रोहतक के द्वारा राष्ट्रीय टेक्नोलॉजी दिवस मनाया गया। इस दौरान लेखन भाषण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रिंसिपल डॉ. सत्यव्रत रहे। विशिष्ट अतिथि प्राध्यापक डॉ. सुखवीर और सुरेश रहे। प्रिंसिपल डॉ. सत्यव्रत ने युवाओं को आधुनिक यंत्रों का उपयोग कर सजगता से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सुखवीर ने अटल बिहारी वाजपयी के पोखरण परीक्षण की सराहना करते हुए देश के युवाओं को एपीजे अब्दुल कलाम के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए कहा। जिला शिक्षण संस्थान प्रमुख पवन राठी ने कहा कि आज का युवा एआई और रोबोटिक्स के प्रयोग करने में एक्सपर्ट हो रहा है। कार्यक्रम में स्वीटी ने बहुत सुंदर भाषण दिया। प्रिय ने प्रश्नोत्तरी में व अजय, निश व विक्की ने शानदार प्रदर्शन किया। जतिन निन्दाना, प्रिया और ऋतु ने कार्यक्रम में उत्कृष्ट भागीदारी निभाई।

# माताओं के प्रति प्रेम दिखाकर जताई कृतज्ञता

- गोयंका टॉडलर हाउस स्कूल में मदर्स डे समारोह धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक




जीडी गोयंका सनसिटी टॉडलर हाउस स्कूल में मदर्स डे समारोह हर्षोल्लास, उत्साह और भावनात्मक माहौल के बीच मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सम्माननीय सुमन एवं निदेशक बलराज सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

समारोह में विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों द्वारा प्रस्तुत गीत, नृत्य, कविताएं और विशेष मंच प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विद्यालय की छात्रा टवीशा द्वारा प्रस्तुत सोलो नृत्य कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा, जिसने सभी को भावुक कर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं के त्याग, समर्पण, प्रेम और बलिदान के प्रति आभार व्यक्त करना था।

**जीवन में सर्वोपरि है मां का स्थान**

बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से यह संदेश दिया कि मां का स्थान जीवन में सर्वोपरि है। शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिश्रम से तैयार कार्यक्रम को अभिभावकों ने भी खूब सराहा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मधुबाला ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और आत्मविश्वास की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में माताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। समारोह का समापन आनंद, उत्साह और भावनात्मक स्मृतियों के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने सभी माताओं को मदर्स डे की शुभकामनाएं दीं।

### एएफसी स्कूल में कार्यक्रम

# विद्यार्थियों को किया नशे के खिलाफ जागरूक



**रोहतक।** जिला पुलिस द्वारा सोमवार को एएफसी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के ष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उपनिरीक्षक अमर एवं सहायक उपनिरीक्षक मोहन के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम द्वारा किया गया। इस दौरान टीम ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और आर्थिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि हर घर और हर परिवार को नशे के खिलाफ जागरूक करना पुलिस का मुख्य उद्देश्य है, ताकि युवा पीढ़ी को सही दिशा मिल सके। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति को जीवन में आगे बढ़ने से रोकता है और परिवार व समाज दोनों के लिए परेशानी का कारण बनता है। नशा करने वाला व्यक्ति धीरे-धीरे शारीरिक रूप से कमजोर हो जाता है और कई गंभीर बीमारियों की चपेट में आ सकता है। विद्यार्थियों को ड्रग्स, नशीली दवाएं, गांजा, हेरोइन, स्मैक, चरस सहित अन्य प्रकार के नशों से दूर रहकर अपने करियर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया गया। नशा मुक्ति टीम ने बताया कि जो लोग नशा छोड़ना चाहते हैं, उनके लिए डॉक्टरों की काउंसलिंग तथा पीजीआईएमएस के नशामुक्ति केंद्र की सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा आमजन से अपील की गई कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति नशा बेचता है तो उसकी सूचना तुरंत डायल 112 पर दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

CSC CENTRE
REQUIREMENT
COMPUTER OPERATOR
2 (FEMALE)
Knowledge: Internet, Online Form, Portals Photoshop, MS Office
Experience Preferred
Name: Abhimanyu
& : 9812515432
Circular Road, Opposite Devi Vihar, Near Jhajjar Chungi, HP Petrol Pump, Rohtak

# पर्यावरण संरक्षण के साथ जीव-जंतुओं व पक्षियों के प्रति संवेदनशील होना भी हमारी जिम्मेदारी

- श्री लाल नाथ हिन्दू कॉलेज में पक्षियों के लिए जल और अनाज अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक




श्री लाल नाथ हिन्दू कॉलेज के एनएसएस सेल द्वारा "पक्षियों के लिए जल और अनाज की व्यवस्था" विषय पर सात दिवसीय अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा की अध्यक्षता तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रजनी कुमारी और डॉ. प्रवीण शर्मा के निर्देशन में किया जा रहा है। अभियान के तहत शहर के विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए जल पात्र एवं अनाज की व्यवस्था की जाएगी, ताकि भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत मिल सके। अभियान के प्रथम दिवस पर एनएसएस स्वयंसेवकों लावण्या, मनीषा, मुस्कान, निकिता, सारिका, साक्षी और नितिन ने कॉलेज परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था की। साथ ही लोगों को पक्षियों के संरक्षण और सेवा के प्रति जागरूक भी किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जीव-जंतुओं और पक्षियों के प्रति संवेदनशील होना भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को सामाजिक और मानवीय सरोकारों से जुड़ी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. अंजू देशवाल, डॉ. सुमित कुमारी दहिया, डॉ. हर्षित छिकारा, डॉ. प्रोमिला यादव, डॉ. शालू, डॉ. दीप्ति और डॉ. ज्योति देशवाल भी उपस्थित रहे।

# नर्सिंग कैडर अस्पताल की रीढ़, जो मरीजों की सेवा में 24 घंटे रहता है तत्पर: खटाना

- अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर पीजीआई में कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल रक्तदान शिविर का करेंगे शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



नर्सिंग एसोसिएशन के चेयरमैन मनोज खटाना।



नर्सिंग एसोसिएशन के प्रधान विकास फौगाट।

अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के उपलक्ष्य में नर्सेस एसोसिएशन, पीजीआईएमएस द्वारा मंगलवार को चौ. रणबीर सिंह ओपीडी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर प्रातः 8:00 बजे से प्रारंभ होगा। नर्सिंग एसोसिएशन के प्रधान विकास फौगाट ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल सुबह 11 बजे ओपीडी में उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ. एसके सिंघल और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल मौजूद रहेंगे। नर्सिंग एसोसिएशन के चेयरमैन मनोज खटाना ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती पर मनाया जाता है। नर्सिंग कैडर अस्पताल की रीढ़ है जो 24 घंटे मरीजों की सेवा में तत्पर रहता है। इसी सेवा भाव को आगे बढ़ाते हुए एसोसिएशन ने रक्तदान जैसे महादान का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त कई जिंदगियां बचा सकता है।

मनोज खटाना ने पीजीआईएमएस के समस्त नर्सिंग अधिकारियों, छात्र-छात्राओं एवं अन्य स्टाफ से अपील की कि वे इस पुनीत अवसर पर बढ़-चढ़कर रक्तदान करें और मानवता की सेवा में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि सशक्त नर्सें न केवल वार्ड में, बल्कि समाज में भी जीवन रक्षा का कार्य करती हैं।

### कलश यात्रा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और वर्चुअल संबोधन से शिवमय हुआ वातावरण

# हर-हर महादेव से गूंजा किलोई, गलियां काशी की आध्यात्मिक धारा में बदलीं

*सोमनाथ स्वाभिमान पर्व श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक





गांव किलोई स्थित शिव मंदिर परिसर में सोमवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर में आयोजित भव्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, महिलाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सोमनाथ मंदिर से तथा नायब सिंह सैनी का कुरुक्षेत्र से वर्चुअल संबोधन उपस्थित जनसमूह को सुनवाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महिलाओं द्वारा निकाली गई भव्य कलश यात्रा से हुई। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर मंदिर परिसर में श्रद्धा यात्रा निकाली, जिससे पूरा वातावरण हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो किलोई की गलियां स्वयं काशी की किसी आध्यात्मिक धारा में बदल गई हों। मंदिर परिसर में सोमनाथ मंदिर के इतिहास और उससे जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं पर आधारित विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रदर्शनी में मंदिर के पुनर्निर्माण, सांस्कृतिक महत्व और भारत की सनातन परंपरा को दर्शाया गया। शिव महिमा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

**देश की सांस्कृतिक पहचान स्थापित करने पर हो रहा काम**

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हरियाणा के पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को विश्व स्तर पर नई पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि माता वैष्णो देवी, काशी, द्वारका और महाकाल जैसे धार्मिक स्थलों के विकास से नई पीढ़ी अपनी संस्कृति से जुड़ रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा जारी स्मारक डाक टिकट और 70 रुपये के स्मारक सिक्के के लिए उनका आभार भी जताया। इस मौके पर पूर्व सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि देश की सांस्कृतिक पहचान को पुनः स्थापित करने का कार्य लगातार किया जा रहा है। उन्होंने सोमनाथ मंदिर, राम मंदिर और काशी विश्वनाथ धाम के विकास का उल्लेख करते हुए इसे भारत की सांस्कृतिक चेतना का पुनर्जागरण बताया।

**शिव आस्था के प्रतीक**

प्रोग्राम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और आत्मिक शांति प्रदान करते हैं। वहीं मेयर राम अवतार वाल्मीकि ने भगवान शिव को आस्था और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक बताते हुए कहा कि प्रभु का स्मरण समाज में सद्भाव और सकारात्मकता बढ़ाता है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रणवीर ढाका ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर देशभर के मंदिरों में लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई। उन्होंने कलश यात्रा में शामिल महिलाओं और श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इस मौके पर डीसी सचिन गुप्ता, एसडीएम आशीष कुमार सहित प्रशासनिक अधिकारी, संत-महात्मा और बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति थे।

## भविष्य की तकनीक

*एमडीयू के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर आयोजित प्रदर्शनी में छात्रों के नवाचार आकर्षण का केंद्र बने। किसी ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए स्मार्ट हेलमेट और ऑब्जेक्ट डिटेक्शन रडार तैयार किया, तो किसी ने आगजनी के दौरान बुजुर्गों और दिव्यांगों की सुरक्षा के लिए फायर रेस्क्यू चेयर बनाई। वहीं, 'पीक मैटेरियल' पर आधारित शोध ने ओरल और फेशियल सर्जरी में नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। कम लागत और आधुनिक तकनीक से तैयार ये प्रोजेक्ट न केवल आम लोगों को सुरक्षा देंगे, बल्कि भविष्य की तकनीकी जरूरतों को भी नई दिशा देंगे।*



## स्मार्ट सेफ्टी हेलमेट पहनने पर ही स्टार्ट होगी बाइक

यूआईईटी के छात्र राहुल और अंकित ने सुरक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए स्मार्ट सेफ्टी हेलमेट बनाया है। यह न केवल सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देगा, बल्कि दुर्घटना की स्थिति में तुरंत सहायता पहुंचाने में भी सक्षम है।

**प्रोजेक्ट की मुख्य विशेषताएं**

**इंजन कंट्रोल :** बाइक तभी स्टार्ट होगी जब चालक ने हेलमेट पहना होगा। यदि हेलमेट उतारा तो बाइक बंद हो जाएगी।

**एक्सीडेंट डिटेक्शन:** हेलमेट में लगे सेंसर दुर्घटना का पता लगाने में सक्षम हैं।

**इमरजेंसी अलर्ट:** दुर्घटना होने पर यह सिस्टम तुरंत परिवार के सदस्यों, एम्बुलेंस या पुलिस को 'लाइव लोकेशन' देगा।

**सेंसर तकनीक:** आईआर सेंसर का उपयोग किया है, जो चालक के चेहरे को डिटेक्ट करके बाइक को सिग्नल भेजता है।

**इस प्रोजेक्ट** को बनाने में 4,000 रुपये की लागत आई है। इसे तैयार करने में करीब डेढ़ माह लगा है। निर्माण के दौरान कोडिंग और खराब कंपोनेंट्स (जैसे केबल और बोर्ड) जैसी कई तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ा, जिसे उन्होंने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन से हल किया।


# पीक मैटेरियल बदलेगा ओरल सर्जरी की दुनिया

**रोहतक।** चेहरे की चोट या जबड़े की खराबी से जूझ रहे मरीजों के लिए अच्छी खबर है। हरियाणा की एक टीम ने 'पीक मैटेरियल' नाम की एक ऐसी चीज पर रिसर्च की है, जो सर्जरी के तरीके को पूरी तरह बदल देगी। यह खास काम रोहतक के यूआईटी के डॉक्टर दीपक छाबड़ा, शोधार्थी आशीष फोगाट, शोधार्थी मिलकर कर रहे हैं। इस शोध की प्रदर्शनी महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) रोहतक के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) में आयोजित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर लगाई। इस शोध को प्रदर्शनी में पहला स्थान मिला।

### टाइटेनियम से बेहतर

अब तक ओरल सर्जरी में टाइटेनियम के प्रत्यारोपण का इस्तेमाल होता था। टाइटेनियम में समस्या यह थी कि यदि सर्जरी के बाद मरीज को फिर से उसी स्थान पर चोट लग जाए, तो धातु (टाइटेनियम) होने के कारण यह हड्डी को नुकसान पहुंचा सकता था। डॉ. दीपक छाबड़ा के अनुसार, पीक मैटेरियल की विशेषताएं इसे टाइटेनियम से बेहतर बनाती हैं। दोबारा चोट लगने पर यह टाइटेनियम की तरह शरीर के अंदरूनी हिस्सों को अतिरिक्त नुकसान नहीं पहुंचाता। इसकी स्ट्रेंथ बेहतरीन है और यह 500 डिग्री सेल्सियस तक के उच्च तापमान को झेल सकता है।

### 3डी तकनीक से बनेंगे मरीज के हिसाब से जबड़े



### किफायती

यह टाइटेनियम के मुकाबले काफी सस्ता है, जिससे मध्यम वर्गीय मरीजों के लिए सर्जरी का खर्च कम होगा। इस तकनीक की सबसे आधुनिक कड़ी है थ्री-डी प्रिंटिंग। शोधकर्ताओं ने एफडीएम (फ्यूज्ड डिपोजिशन मॉडलिंग) तकनीक का इस्तेमाल किया है। इसके जरिए 'पेशेंट-स्पेसिफिक इम्प्लांट्स' तैयार किए जा रहे हैं। यानी अब हर मरीज के लिए एक जैसा सांचा नहीं, बल्कि उसकी जरूरत के हिसाब से सटीक अंग तैयार किया जाएगा। सबसे खास बात यह है कि इन इम्प्लांट्स को सीधे हॉस्पिटल में ही तैयार किया जा सकता है।

### कैसे तैयार होता है डिजिटल जबड़ा

**स्कैनिंग:** सबसे पहले मरीज के प्रभावित हिस्से (चेहरा या जबड़ा) का एमआरआई स्कैन लिया जाता है। **डिजिटल मॉडलिंग:** इस स्कैन को 'मिमिक सॉफ्टवेयर' की मदद से एक डिजिटल कैड मॉडल में बदला जाता है। **कस्टमाइज डिजाइन:** डॉक्टर और इंजीनियर डिफेक्ट ठीक करने के लिए डिजाइन तैयार करते हैं। **प्रोटोटाइप और फाइनल इम्प्लांट:** पहले एक डमी पर डॉक्टर को दिखाया जाता है। जब डॉक्टर पूरी तरह संतुष्ट हो जाते हैं तो पीक मैटेरियल का इस्तेमाल कर अंतिम इम्प्लांट प्रिंट किया जाता है।

## गंगा इंस्टीट्यूट के छात्रों ने बनाई फायर रेस्क्यू चेयर



आग लगने पर असहाय व बुजुर्ग लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के डारेक्टर प्रो. अमन अग्रवाल मार्गदर्शन में विद्यार्थी एलनी, नंदिनी, दीपाली और पुनीत ने फायर रेस्क्यू चेयर तैयार की है। यह चेयर न केवल लोगों को आग से बचाएगी, बल्कि फर्स्ट एड भी देगी।

**क्यों खास है यह रेस्क्यू चेयर**


छात्रों ने बताया कि अक्सर आग लगने पर व्हील-चेयर, फायर एक्सटिंगुइशर और फर्स्ट एड किट अलग-अलग जगहों पर होने के कारण काफी समय बर्बाद हो जाता है। इसको दूर करने के लिए ही सभी सुविधाओं को एक चेयर में जोड़ दिया है।

**मुख्य विशेषताएं :**
- इसमें विशेष प्रकार के पर्दे लगे हैं जो पूरी तरह हीट-प्रूफ हैं, जो मरीज को आग की लपटों और गर्मी से सुरक्षित रखते हैं।
- चेयर के अंदर ही जरूरी दवाइयां और उपकरण मौजूद हैं।
- इस प्रोजेक्ट को बनाने में 4,000 रुपये की लागत आई है।
- यह चेयर सुरक्षित निकासी (इवैकुएशन) और सुरक्षा (सेफ्टी) दोनों काम करेगी।

## ऑब्जेक्ट डिटेक्शन रडार

### कार चालकों को मिलेगी पीछे आने वाली हर वस्तु या खतरे की सटीक जानकारी

छात्रा मिंकू और चाहत ने तकनीकी क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण शोध करते हुए एक ऑब्जेक्ट डिटेक्शन रडार तैयार किया है। यह तकनीक विशेष रूप से कार चालकों के लिए सहायक सिद्ध होगी, जो वाहन के पीछे आने वाली किसी भी वस्तु या खतरे की सटीक जानकारी देगी। इस प्रोजेक्ट को बनाने वाले छात्रों ने बताया कि यह रडार सर्वो मोटर और उन्नत सेंसर्स पर आधारित है। इसमें लगी सर्वो मोटर सेंसर को 180 डिग्री के कोण पर घुमाती है, जिससे वाहन के पीछे के पूरे क्षेत्र की निगरानी संभव हो पाती है। रडार न केवल वस्तु की उपस्थिति का पता लगाता है, बल्कि स्क्रीन पर उसकी सटीक दूरी और कोण (एंगल) भी प्रदर्शित करता है। जैसे ही कोई वस्तु रडार की सीमा में आती है, सिस्टम में लगा बजर बजने लगता है और एलईडी लाइट जल उठती है, जिससे चालक तुरंत सतर्क हो सकता है। वर्तमान में इस प्रोजेक्ट को एक प्रोटोटाइप के रूप में प्रदर्शित किया गया है जिसकी रेंज 20 सेंटीमीटर रखी गई है। हालांकि, बड़े सेंसर्स और कोडिंग में बदलाव करके इसकी रेंज को 1 से 2 मीटर या उससे अधिक तक बढ़ाया जा सकता है।



## 14 तक बढ़ी हड़ताल

### गलियां और सड़कें मार रही बदबू : आमजन का गुजरना हुआ मुश्किल, बीमारियों का खतरा

# अभी लगे रहेंगे कूड़े के ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा में नगर निकायों के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल लगातार गहराती जा रही है। हरियाणा नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर 1 मई से शुरू हुई हड़ताल को अब तीन दिन और बढ़ाकर 14 मई तक कर दिया गया है। हड़ताल के चलते प्रदेश के कई शहरों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और सड़कों पर कूड़े के ढेर लग गए हैं। लोगों के घरों से कचरा उठाने वाली गाड़ियां भी नहीं पहुंच रही हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों पर कूड़े की वजह से इतनी बदबू फैली हुई है कि लोगों का यहां से निकलना भी दुभर हो गया है।

सफाई संकट

कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान नरेश शास्त्री ने बताया कि फिलहाल हड़ताल को तीन दिन के लिए आगे बढ़ाया गया है और अभी अनिश्चितकालीन हड़ताल का फैसला नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी लगातार सरकार को बातचीत और मांगों के समाधान के लिए समय दे रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार कर्मचारियों को अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए मजबूर कर रही है। संघ ने यह भी घोषणा की है कि कर्मचारी अब कॉलोनियों और मोहल्लों में जाकर जनता के बीच सरकार की वादा खिलाफी को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाएंगे। कर्मचारियों का कहना है कि उनकी लंबे समय से लंबित मांगों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है।

*संघ ने यह भी घोषणा की है कि कर्मचारी अब कॉलोनियों और मोहल्लों में जाकर जनता के बीच सरकार की वादा खिलाफी को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाएंगे।*



रोहतक। नगर निगम में चल रहे धरने को सम्बोधित करते मेयर राम अवतार वाल्मीकि। फोटो : हरिभूमि







### राम अवतार वाल्मीकि भी पार्षदों के साथ धरना स्थल पर पहुंचे

रोहतक में हड़ताल के 11वें दिन नगर निगम परिसर में धरना जारी रहा। धरने की अध्यक्षता इकाई प्रधान शंभू टॉक ने की, जबकि मंच संचालन राजपाल टॉक ने किया। इस दौरान नगर निगम के महापौर राम अवतार वाल्मीकि भी पार्षदों के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और कर्मचारियों को संबोधित किया और कर्मचारियों को आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी जायज मांगों को हरियाणा सरकार के सामने मजबूती से रखा जाएगा और जल्द ही विभागीय स्तर पर कार्रवाई शुरू करवाकर समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा। धरने में जिला प्रधान रोहित गिल, जिला सचिव राजपाल टॉक, जिला कोषाध्यक्ष रवि समेत सफाई दरोगा और सह सफाई दरोगा भी मौजूद रहे।

### अग्निशमन कर्मी भी साथ, बढ़ाई हड़ताल की तारीख

**रोहतक।** हरियाणा अग्निशमन कर्मचारियों के धरने को 34 दिन पूरे हो गए। धरने की अध्यक्षता अग्निशमन यूनियन के राज्य उपप्रधान अरुण दुल और जिला प्रधान सोनू हुड्डा ने की। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार जल्द से जल्द फायर कर्मचारियों की मांगों को पूरा करे और धरने को समाप्त करवाने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाए। उपप्रधान नरेंद्र सिंह (दमकल केंद्र सांपला) ने कहा कि हरियाणा सरकार फायर कर्मचारियों के साथ दोहरा व्यवहार कर रही है। फरीदाबाद अग्निकांड के बाद कर्मचारियों में भय का माहौल है। यदि किसी कर्मचारी के साथ ड्यूटी के दौरान कोई हादसा हो जाता है तो उसके परिवार का भविष्य असुरक्षित हो जाता है। इसलिए सरकार को कर्मचारियों के हित में उचित निर्णय लेते हुए फायर कर्मचारियों के लिए बेहतर सुरक्षा नीति बनानी चाहिए, ताकि आग बुझाने के दौरान कर्मचारियों के मन में भय का माहौल न रहे। मंच संचालन कर रहे अरुण कुमार ने कहा कि हरियाणा में आगजनी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे आमजन और उद्योग जगत को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। अग्निशमन यूनियन और नगर पालिका कर्मचारी संघ ने संयुक्त रूप से हड़ताल को 14 मई तक जारी रखने का निर्णय लिया है। धरना प्रदर्शन में दमकल केंद्र के साथी अरुण, सुमेर, राजेश कुमार, बलविंदर सिंह, नरेंद्र सिंह, मुकेश, प्रवीण, सुरजीत सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रोहित धनखड़ हत्याकांड: तेज हुई कार्रवाई
## आईजी से मिली 21 सदस्यीय कमेटी

*फरार आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने के निर्देश, एसआईटी को जांच तेज करने को कहा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गांव हुमायूंपुर निवासी बॉडी बिल्डर रोहित धनखड़ हत्याकांड में अब पुलिस कार्रवाई तेज होती नजर आ रही है। मामले में गठित 21 सदस्यीय कमेटी ने सोमवार को आईजी सिमरदीप सिंह से मुलाकात कर फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई। आईजी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसआईटी को फरार आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने और जांच प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।



रोहतक। आईजी सिमरदीप सिंह से मुलाकात करने आए गांव हुमायूंपुर निवासी बॉडी बिल्डर रोहित धनखड़ के परिवार व पंचायत। फोटो : हरिभूमि

**ये है मामला**

*बता दें कि बॉडी बिल्डर रोहित धनखड़ 28 नवंबर 2025 को अपने दोस्त गांव बौंदकलां निवासी जतिन के साथ भिवानी में एक शादी समारोह में गया था। शादी में तिगड़ाना गांव से बारात आई हुई थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर रोहित की कुछ युवकों के साथ कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि बाद में उन्हीं युवकों ने रास्ता रोककर रोहित और उसके दोस्त पर हमला कर दिया। हमलावरों ने रोहित के साथ बेरहमी से मारपीट की और उसे अधमरी हालत में छोड़कर फरार हो गए।*

### जिले में आज से शुरू हुआ पशु सुरक्षा चक्र अभियान

**रोहतक।** मुंह खुर और गलघोटू जैसी संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए सोमवार से पशुओं का टीका लगाने का अभियान शुरू हो गया। इसके तहत लगभग 2 लाख पशुओं का टीकाकरण जिले में किया जाएगा। पशु सुरक्षा चक्र के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने 65 टीमें गठित की हैं, जो गांव-गांव जाकर घर-घर पशुओं का टीकाकरण करेंगी। डीसी सचिन गुप्ता ने पशुपालकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने पशुओं को मुंह खुर और गलघोटू जैसी गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि यह अभियान पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण के साथ-साथ डेयरी व्यवसाय को सुरक्षित रखने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। डीसी ने बताया कि अभियान के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र पशु टीकाकरण से वंचित न रहे। टीकाकरण के लिए पशुओं की टैगिंग अनिवार्य होगी और प्रत्येक पशु का पंजीकरण भारत सरकार के भारत पशुधन ऐप पर किया जाएगा।



रोहतक। विजेताओं के साथ प्राचार्य संजीव कुमार गुप्ता व अन्य टीचर।

## प्रोजेक्ट प्रदर्शनी में कुशल ने पहला स्थान हासिल किया

**रोहतक।** वैश्य तकनीकी संस्थान में इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के तत्वावधान में नेशनल टेक्नोलॉजी डे के उपलक्ष्य में एक शानदार तकनीकी प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा बनाए गए ऐसे नवीन प्रयोग रहे, जिन्हें आधुनिक युग की आवश्यकताओं को देखते हुए बेहद कम बजट में तैयार कर उपयोग में लाया जा सकता है। इन प्रोजेक्ट्स का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद ज्यूरी पैनल ने विजेताओं की घोषणा की। आई.आई.सी. सेल के प्रेसिडेंट सतीश जैन, कन्वीनर सुनील गुप्ता और ज्यूरी सदस्य नितिन गर्ग के निर्णय के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग से कुशल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, ऑटोमोबाइल विभाग से समीर की टीम दूसरे और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग से ही अजय कुशवाह की टीम तीसरे स्थान पर रही। संस्थान के प्राचार्य संजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों के भीतर छिपी प्रतिभा बाहर आती है और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होने का अवसर मिलता है।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### शिक्षकों से ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों को विशेष मार्गदर्शन देने का किया आह्वान

# युवा शोध और प्रौद्योगिकी में दक्ष बनकर राष्ट्र निर्माण में निभाएं अग्रणी भूमिका : कुलपति

**यूआईईटी में आयोजित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस समारोह में विद्यार्थियों की दक्षता को सराहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

आज का युवा केवल डिग्री लेने तक सीमित न रहे, बल्कि उत्कृष्ट शोधार्थी और तकनीक में पारंगत बनकर देश और समाज के उत्थान में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। यह प्रेरक संदेश महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मिलाप पूनियां ने यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) में आयोजित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए दिया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. संदीप बंसल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान आयोजित विज्ञान एवं इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट प्रदर्शनी विद्यार्थियों की प्रतिभा, तकनीकी दक्षता और नवाचार सोच का शानदार उदाहरण बनी। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने नवीकरणीय ऊर्जा, स्मार्ट सिंचाई प्रणाली, रोबोटिक्स, पर्यावरण संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन और विद्युत सुरक्षा जैसे विषयों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए। कुलपति प्रो. मिलाप पूनियां ने विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि तकनीक और शोध ही विकसित भारत की मजबूत नींव हैं।



रोहतक। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस समारोह में कुलपति प्रो. मिलाप पूनियां को अपने प्रोजेक्ट के बारे में बताते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

रजिस्ट्रार प्रो. संदीप बंसल ने कहा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस युवाओं को नवाचार, शोध और तकनीकी उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करता है। इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विशाल, हिमांशु, रुद्र, आकाश, हर्ष और नितिन की टीम ने फैब्रिकेशन एंड एनालिसिस ऑफ एयर प्यूरीफायर प्रोजेक्ट के लिए प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं हर्ष, आकाश और आशीष की टीम ने हाई परफॉर्मेंस पॉलीमर एफएफएफ प्रिंटर प्रोजेक्ट के लिए पहला स्थान प्राप्त किया।

मौके पर डीन, इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी प्रो. सोनिया, यूआईईटी के निदेशक प्रो. अश्वनी धींगड़ा, प्रो. युद्धवीर सिंह, प्रो. विनीत सिंगला समेत यूआईईटी के प्राध्यापक, शोधार्थी, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### प्रो. मिलाप पूनिया ने सत्र 2026-27 में यूजी पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए प्रॉस्पेक्टस किया जारी

*रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सत्र 2026-2027 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रमों (यूजी ऑनर्स/यूजी ऑनर्स विद रिसर्च) तथा पंच वर्षीय समेकित पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए अधिसूचना जारी कर है। एमडीयू कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने सोमवार को कुलपति कार्यालय के कांफ्रेंस कक्ष में सत्र 2026-2027 में यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स तथा एमडीयू-सीपीएएस, गुरूग्राम में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रमों (यूजी आनर्स/यूजी आनर्स विद रिसर्च) तथा पंच वर्षीय समेकित पाठ्यक्रमों की प्रवेश विवरणिका (एडमिशन प्रास्पेक्ट्स) जारी की। कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ ने कहा कि 12वीं कक्षा पास विद्यार्थी एमडीयू द्वारा स्नातक स्तर पर प्रारंभ किए गए 21 पाठ्यक्रमों में 1580 सीटों पर दाखिले के लिए 26 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एंट्रेंस एग्जाम 10 से 16 जून तक आयोजित किए जाएंगे।*

**कोर्स और सीट**

एमडीयू में यूटीडी में चार वर्षीय पाठ्यक्रमों में बीसीए में 160 सीटें, बीए-अंग्रेजी में 60 सीटें, बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स-पेंटिंग में 30 सीटें, बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी में 60 सीटें, बैचलर ऑफ टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट में 60 सीटें, बीबीए में 120 सीटें, बीबीए हॉस्पिटिलिटी एंड सर्विसेज मैनेजमेंट में 30 सीटें, बीएससी-गणित में 60 सीटें, बीएससी गणित एसएफएस में 60 सीटें, बीएससी-सांख्यिकी में 60 सीटें, बीए-इतिहास में 60 सीटें, बीए-अर्थशास्त्र में 60 सीटें, बीए-लोक प्रशासन में 60 सीटें, बीपीएचएस में 30, बीएससी-जेनेटिक्स में 30 सीटें उपलब्ध हैं। पंच वर्षीय पाठ्यक्रमों में एलएलबी आनर्स पंच वर्षीय में 120 सीटें तथा मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी में 60 सीटें उपलब्ध हैं। एमडीयू-सीपीएएस, गुरुग्राम में चार वर्षीय बीबीए पाठ्यक्रम में 60 सीटें तथा एलएलबी आनर्स पंचवर्षीय समेकित पाठ्यक्रम में 240 सीटें उपलब्ध हैं। बीकॉम बीएड में 50 तथा बीए बीएड में 50 सीटें उपलब्ध हैं।